राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या–198/2024

<u>सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लें –राज्यपाल</u>

पटना, 02 अक्टूबर 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने महात्मा गाँधी स्ट्रीट, उलानबटार, मंगोलिया में आयोजित महात्मा गाँधी जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने गाँधीजी के सत्य और अहिंसा संबंधी विचार तथा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के परिप्रेक्ष्य में इनकी प्रासंगिकता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती के अवसर पर हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गाँधी एवं अन्य लोगों के प्रयासों से भारत ब्रिटिश शासन से मुक्त हुआ। इससे विश्व के अन्य देशों को भी ब्रिटिश उपनिवेशवाद एवं अंग्रेजी दासता से आजाद होने की प्रेरणा मिली।

राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गाँधी एक महान व्यक्ति थे और पूरे विश्व के सभी देशों में सर्वत्र उनका सम्मान है।

कार्यक्रम को मंगोलिया में भारत के राजदूत श्री अतुल मल्हारी गोत्सुर्वे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंगोलिया के पूर्व राष्ट्रपति श्री एनखबयार, यू०एन० रेजिडेंट को–ऑर्डिनेटर श्री तपन मिश्रा, इंडियन डायस्पोरा के लगभग 80 लोग तथा पेथुल, गंडन व डैशचोवॉइलिन मॉनेस्ट्री के वरीय साधुगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....